डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | श्रावण शुक्ल पक्ष 13- 2083 | भोपाल, दिन मंगलवार 25 अगस्त 2026

समृद्ध मप्र / 2047, पर केंद्रित कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा

आज स्किल नई ,करेंसी है और इनोवेशन नई इकोनॉमी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज स्किल नई करेंसी और इनोवेशन नई इकोनॉमी है। हमारी संस्कृति को कौशल, शोध, नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बनना होगा। हमें पब्लिकेशन से लेकर पेटेंट तक, पेटेंट से प्रोटोटाइप तक और प्रोटोटाइप से लेकर एंटरप्राइज की इकोनामिक और नॉलेज वैल्यू चौन की स्थापना करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह अवसरों की भूमि है और प्रतिभाशाली युवा, प्राकृतिक संसाधन, कृषि शक्ति, पर्यावरणीय और औद्योगिक क्षमता हमारे संसाधन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सुशासन भवन सभागार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेंट्रल फॉर इन्नोवेशन इन फॉर समृद्ध मप्र / 2047 पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र में सेमीकंडक्टर बनाने की मुहिम आगे बदलते प्रदेश की तस्वीर है। मुख्यमंत्री ने समृद्ध मप्र / 2047 का विमोचन किया। यह कॉन्क्लेव अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान ने आयोजित किया था

सीएम ने कहा कि पब्लिकेशन से लेकर पेटेंट तक, पेटेंट से प्रोटोटाइप तक और प्रोटोटाइप से लेकर एंटरप्राइज की इकोनामिक और नॉलेज वैल्यू चौन की स्थापना करनी होगी

सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की ओर से रखा गया

मप्र में सेमीकंडक्टर बनाने की यूनिट आना बदलते प्रदेश की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने खेती से युवाओं के दूर होने पर जताई चिंता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सामने एक बड़ी चुनौती आने वाली पीढ़ी को खेती से जोड़ने की है। स्कूल-कॉलेज के कार्यक्रमों में बच्चे गर्व महसूस करें कि हमारी आगली पीढ़ी इस परिवार से है, लेकिन जब अगली पीढ़ी से पूछा जाता है कि खेती लोग करना चाहता है तो नहीं कहा नहीं उठाता। खेती को तकनीक, नवाचार, मौसम और वैज्ञानिक जानकारी से जोड़ना होगा, ताकि युवा कृषि को भी भविष्य के रोजगार और उद्यम के रूप में देखें। संस्थानों में उपलब्ध ज्ञान और तकनीक का लाभ शोधकर्ताओं और रिसर्च तक सीमित न रहकर लक्ष्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। एक संस्कार-एक संकल्प केवल एक विचार नहीं, बल्कि मप्र के भविष्य के निर्माण की कार्ययोजना है।

विकसित मप्र की जिम्मेदारी हम सभी की

कॉन्क्लेव में कहा गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बहुत अधिक चर्चा हो रही है, लेकिन हमारे युवाओं को इसकी सुरक्षित और जवाबदार उपयोग के लिए से तैयार करना होगा।

सभी क्षेत्रीय संस्थान कार्य-कारण क्षेत्र में सामान्य हो और परिणाम देने के उद्देश्य से कार्य करें। विकसित मध्यप्रदेश की जिम्मेदारी किसी शासन की नहीं, बल्कि हम सभी की है। यह सपना तभी है कि हमारी अगली पीढ़ी, इस पीढ़ी के प्रयासों का मूल्यांकन करेगी और वह अवसर भी देखेगी कि एक अच्छा समाज। हम अपनी अगली पीढ़ी को सर्वश्रेष्ठ सौंपना है।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कहा

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव को मानव पूंजी पर परिवर्तन करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि आज एआई हो बाद में बना सकता एक संकेत हम रहा है। पर यह सही है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आगे आने समय में बड़ा बदलाव लाने वाला है, पर इसका असर किस-किस रूप में होगा, इसका अनुमान लगाना बड़ी दुविधा है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि युवा आबादी को किस तरह तैयार किया जाए। जब कोई विश्वविद्यालय नया विकसित करना है विकसित मप्र की जिम्मेदारी हम सभी की तरह करें और बताया है तो उसे उस क्षेत्र में पुनरावर्त सुधार और परिमार्जनात्मक कार्यों की आवश्यकता होती है। हम ऐसे बड़े लक्ष्य तय करें, जो हमें आगे रोजगार में सफलता दिलाने वाला।

चीनी की कीमतों में जल्द आ सकती है

देशभर में चीनी की बढ़ती कीमतें

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

देशभर में चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच आम उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर सामने आई है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एसोसिएशन का कहना है कि आने वाले त्योहारी सीजन और नए पेराई सत्र के दौरान खुदरा कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है।

स्टॉक रोकने से बढ़े दाम

इस्मा के अध्यक्ष नीरज किरनाकर के अनुसार हाल में चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे मुख्य रूप से दो कारण रहे। पहला, कुछ व्यापारियों ने भविष्य में कीमतों और बढ़ने की उम्मीद में स्टॉक रोककर रखा। इससे बाजार में उपलब्धता प्रभावित हुई और कीमतों पर दबाव बढ़ा। दूसरा, प्रतिकूल मौसम के कारण चीनी के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई।

सरकार ने उठाए सख्त कदम

चीनी की जमाखोरी रोकने और बाजार में कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने चीनी मिलों में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक की जांच की है। इसके अलावा व्यापारियों, बड़े खरीदारों और संस्थागत खरीदारों के लिए स्टॉक रखने की सीमा तय की गई है।

आयात से बढ़ेगी बाजार में सप्लाई

इस्मा ने सरकार के चीनी आयात के फैसले का भी समर्थन किया है। एसोसिएशन के मुताबिक बाजार में पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के लिए आयात महत्वपूर्ण कदम है। इस्मा आयात ने भरोसा जताया कि सरकार की सख्ती और अधिक स्टॉक के चलते आगामी त्योहारी सीजन में चीनी की सप्लाई सामान्य बनी रहेगी।

उपभोक्ताओं को राहत की उम्मीद

इस्मा के अनुसार बाजार में उपलब्धता बढ़ने और नए पेराई सत्र के शुरू होने के बाद कीमतों पर दबाव कम हो सकता है। इसलिए आने वाले समय में खुदरा बाजार में चीनी के दाम नीचे आने की उम्मीद है

न्यूज गैलरी

वन विभाग में पहली बार डीएफओ को सीएफ प्रभार

भोपाल। वन विभाग ने सोमवार को प्रशासनिक परिवर्तन किया। इसके तहत बालाघाट वर्किंग प्लान की सीएफ सेवा को जबलपुर की आंचलिक वर्किंग प्लान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही सिवनी वर्किंग प्लान के डीएफओ एए अंसारी को सिवनी सर्किल के सीएफ का अतिरिक्त प्रभार दिया है। वन विभाग में ऐसा पहली बार है जब किसी डीएफओ को सीएफ का प्रभार दिया गया है। पीसीसीएफ प्रशासन-1 विनु रानी की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि वन विभाग में अफसरों की कमी के कारण यह निर्णय लिया गया है।

शिविर में ही बनेंगे केसीसी और दूसरे क्रेडिट कार्ड

भोपाल। फार्मर आईडी बनी है या नहीं, यह जानने के लिए किसानों को अब दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में फार्मर आईडी की सूची लगाई होगी। कलेक्टर विवेक सिंह ने एसडीएम को पटवारियों के जरिए सूची लगवाने के निर्देश दिए हैं। केसीसी, दूध्रुव और वेलफेयर से विशेष-स्थान चलाकर लंबित आईडी बनाई जाएंगी। शिविरों में बैंक पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाएंगे। मत्स्य और दुग्ध उत्पादन से जुड़े पात्र हितग्राहियों को भी क्रेडिट कार्ड और शून्य खाता पर

भोपाल में बारिश बनी मुसीबत, गड्ढों और जाम के बीच सफर

भोपाल। बारिश के दौरान शहर में सफर करना लोगों के लिए चुनौती बन गया। सड़कों पर जगह-जगह पानी भर जाने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई। कई जगह गड्ढे दिखाई नहीं देने से हादसे का खतरा भी बना रहा। इसके बाद लोगों को जाम से जूझना पड़ा। रविवार रात और सोमवार की बारिश ने बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन और कई प्रमुख मार्गों की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। वाहन चालक बचते-बचाते रास्ता तय करते नजर आए।

600 करोड़ का हिसाब दो, वित्त मंत्री से पटवारी ने मांगा इस्तीफा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मप्र के सरकारी खजाने में सामने आई करीब 600 करोड़ रुपए की कथित वित्तीय गड़बड़ी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे प्रदेश के पैसे और सरकारी वित्तीय व्यवस्था पर गहरा आघात बताते हुए प्रदेश के वित्त मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए खजाना इस्तीफे की मांग की है। पटवारी ने कहा कि गरीबों के राशन, किसानों को गन्ना बम्पर की दिक्कत, स्वास्थ्य सुविधाओं और विकास कार्यों के लिए जब सरकारों धन में इतनी बड़ी वित्तीय रेंध लगना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने खजाना का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि 24 सरकारी विभागों में करीब 3.08 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेनदेन की बात सामने आई है।

बालाघाट- पोषण आहार संयंत्रों की जांच की मांग

कांग्रेस ने बालाघाट में आंगनवाड़ी बच्चों की पौष्टिक और पोषण आहार व्यवस्था पर सरकार को घेरा। आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. प्रीतम गुरिया ने दावा किया कि कुपोषण, मलेरिया और मौजाला से 22 बच्चों की मौत हुई, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में आठ मौतें हैं।

15 किमी पैदल चलकर कलेक्टर से मिलने निकले 225 छात्र, हाईवे पर बैठकर किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता॥ बड़वानी

कालीन आवासीय विद्यालय छात्राओं के 225 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सड़क पर उतरने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। छात्राओं की अव्यवस्थाओं, सुविधाओं की कमी और स्टाफ के कथित अभद्र व्यवहार से नाराज विद्यार्थी करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्टर से मिलने के लिए निकल पड़े। विद्यार्थियों ने आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर सड़क पर बैठ गए।

मामले की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और अभिभावकों मौके पर पहुंचे। सैकड़ा एसडीएम अजीत और एसडीओपी अजय कापाले स्कूल के प्रबंधन व स्टाफ के साथ विद्यार्थियों को समझाने पहुंचे। प्रशासन ने बच्चों को वापस ले जाने के लिए तीन बसों की व्यवस्था की, लेकिन विद्यार्थियों ने बस में बैठने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि वे सीधे कलेक्टर के सामने अपनी समस्याएं रखेंगे।

कलेक्टर-एसडी ने मौके पर पहुंचकर सुनी समस्याएं

विद्यार्थियों के बढ़ते विरोध प्रदर्शन पर कलेक्टर अवधि सिंह और एसडीएम अजीत कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने सड़क पर ही विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विद्यार्थियों ने छात्रावास में सुविधाओं की कमी और कुछ अधिकारी व शिक्षकों के कथित अभद्र व्यवहार की शिकायत की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। आश्वासन मिलने के बाद छात्र-छात्राएं वापस लौटने के लिए सहमत हुए। हालांकि विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा आंदोलन करेंगे।

स्कूल में करीब 450 विद्यार्थी पंजीकृत हैं जिनमें से 225 से अधिक छात्र-छात्राएं इस पैदल मार्च में शामिल हुए। विद्यार्थियों के अचानक सड़क पर उतरने से प्रशासन को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी।

बालाघाट– सिवनी के बीच 91 किमी फोरलेन हाईवे का प्रस्ताव रखा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राज्य सरकार महाराष्ट्र से सटे आदिवासी अंचलों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बालाघाट से सिवनी के बीच 91 किलोमीटर लंबे दो लेन हाईवे को फोरलेन में अपग्रेड करने जा रही है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम की ओर से करीब 3400 करोड़ की लागत से बनने वाले इस कोर लेन हाईवे का प्रस्ताव मंगलवार को कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा ।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है।इस हाईवे का निर्माण हाई डिंड एन्युटी मॉडल के आधार पर किया जाएगा । इसके अलावा हितग्राही मूलक योजनाओं की अगली पंचवर्षीय योजना तक निरंतर की मंजूरी के प्रस्ताव भी कैबिनेट में रखे जाएंगे ।

अमेरिका में रह रहे युवक के खातों से 5.98 लाख की ठगी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

कोलार रोड इलाके में रहकर अपने अमेरिका में कार्यरत युवक के एनआरई और एनआरओ बैंक खातों से एमईएफटी के जरिए करीब 6 लाख रुपए ऑनलाइन निकाल लिए। मामले की जानकारी परिजनों को बैंक स्टेटमेंट देखने के बाद मिल पाई । पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार स्वर्णिमा डी-सेक्टर निवासी अनुसिंह पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके भाई आदित्य पांडेय अमेरिका की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की न्यायिनी शाखा, कोलार रोड में एनआरई और एनआरओ खाते संचालित हैं। शिकायत के मुताबिक 16 से 20 अगस्त 2026 के बीच एक खाते से 4.70 लाख रुपए और 17 से 20 अगस्त के बीच दूसरे खाते से 1.28 लाख रुपए एमईएफटी के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति ने ट्रांसफर कर लिए।

इस तरह दोनों खातों से कुल 5.98 लाख रुपए की साइबर ठगी हुई। घटना का पता चलने पर परिजन बैंक से खाते का स्टेटमेंट लेकर कोलार रोड थाने पहुंचे और साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक ट्रांजेक्शन, लाभार्थी खातों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

2027 में निकाय-पंचायत चुनाव एक साथ कराने की तैयारी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्य प्रदेश में 2027 में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को साथ कराने की तैयारी चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग का उद्देश्य लंबे समय तक लागू रहने वाली आचार संहिता से विकास कार्य और आम जनता के काम प्रभावित न हों।

एक चरण में चुनाव पर विचार

आयोग ने पंचायत चुनाव तीन और नगरीय निकाय चुनाव दो चरणों में होते हैं। आयोग अब नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक-एक चरण में कराने की संभावना तलाश रहा है। इसके लिए प्रशासन की उपलब्धता, मतदान केंद्रों की व्यवस्था और लॉजिस्टिक्स की समीक्षा की जा रही है।

सितंबर में बैठक

16 और 17 सितंबर को राजगढ़ में आल-राज्यीय राज्य निर्वाचन आयुक्तों की बैठक होगी। इसमें अन्य राज्यों के चुनाव मॉडल पर चर्चा होगी। इसके आधार पर मध्य प्रदेश में चुनाव का अंतिम प्लान तैयार किया जाएगा। बड़ी रिक्त पदों पर उपचुनाव अक्टूबर में कराने की तैयारी है।

मौसम

राजधानी में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है

भोपाल में 2 इंच बारिश, सीजन की दूसरी सबसे तेज बारिश 39 जिले भीगे

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

राजधानी में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। रविवार रात से शुरू हुई बारिश सोमवार को भी जारी रही। पिछले 24 घंटे में भोपाल में करीब 2 इंच बारिश दर्ज की गई, जो इस सीजन की दूसरी सबसे तेज 24 घंटे की बारिश है। इससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी और मौसम सुहाना हो गया।

7 दिन में 16. 18 इंच बारिश

अगस्त के शुरुआती सात दिनों में भोपाल में 16.18 इंच बारिश दर्ज की गई है। यह सीजन में अब तक हुई कुल 38 इंच बारिश का करीब 43 प्रतिशत है। भोपाल में सीजन की औसत बारिश का कोटा 42 इंच है। ऐसे में कोटा पूरा होने में अब करीब 4 इंच बारिश की जरूरत है।

बड़ा तालाब एफटीएल से 1. 20 फीट दूर

लगातार बारिश का असर बड़े तालाब के जलस्तर पर भी दिखाई दे रहा है। सीहोर और बैरागढ़ क्षेत्र में अच्छी बारिश के कारण बड़े तालाब का जलस्तर 1885.80 फीट पहुंच गया है। तालाब का फुल टैंक लेवल 1886.80 फीट है। यानी जलस्तर एफटीएल से सिर्फ 1. 20 फीट नीचे है। इसी तरह पानी बढ़ता रहा तो मंगलवार के गेट जल्द खोले जा सकते हैं।

कोलार में सबसे ज्यादा बारिश

भोपाल के अलग-अलग क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। कोलार में 3.19 इंच, नरीयावली में 3.03 इंच और अरेरा हिल्स में 2.92 इंच बारिश हुई। एयरपोर्ट ऑब्जर्वेटरी में 2 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई।

39 जिले भीगे, चार में ऑरेंज अलर्ट

सोमवार को प्रदेश के 39 जिलों में बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले 2-3 दिन भोपाल सहित प्रदेश में बारिश का दौर जारी रह सकता है। मंगलवार को राजगढ़, बालाघाट, छिंदवाड़ा और रीवा में भारी बारिश पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया

तलाक नहीं लिया, दूसरी शादी की, कोर्ट ने पति-सास-ससुर पर लगाया 3 लाख का मुआवजा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

बिना तलाक दूसरी शादी करना पति को भारी पड़ गया। भरेलू हिंसा के मामले में भोपाल कोर्ट ने पति, सास और ससुर को दोषी मानते हुए पीड़िता के पक्ष में फैसला सुनाया। अदालत ने तीनों को मानसिक प्रताड़ना के लिए 1-1 लाख यानी कुल 3 लाख का मुआवजा देने का आदेश दिया। इसके अलावा पीड़िता को हर महीने 5 हजार भरण-पोषण और मकान किराए के लिए देने के निर्देश भी दिए।

10 लाख लाने का दबाव, प्रताड़ना के आरोप

पीड़िता के अनुसार जनवरी 2017 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष ने मायके से 10 लाख रुपए लाने का दबाव बनाया। महिला ने आरोप लगाया कि उसे मारपीट के साथ खाना नहीं दिया जाता था और कमरे में बंद रखा जाता था। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि गर्भवती होने पर उसका जबरन गर्भपात कराया गया। नवंबर 2017 में उसे घर से निकाल दिया गया।

पहली शादी का खुलासा

सुनवाई के दौरान मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब सामने आया कि आरोपी पति ने पहली पत्नी से कानूनी तलाक लिया ही नहीं था। पति ने अदालत में स्वीकार किया कि पहली पत्नी से विधिवत तलाक नहीं हुआ था, बल्कि दोनों सहमतिक रूप से अलग थे।

अदालत ने पीड़िता द्वारा पेश पहेज के सामान की तस्वीरों और बैंक स्टेटमेंट को विश्वसनीय माना। कोर्ट ने पति द्वारा भरण-पोषण में उपेक्षा और मारपीट व दुर्व्यवहार के आरोपों को प्रमाणित पाया। इसके बाद अदालत ने मुआवजा और मासिक भरण-पोषण देने का आदेश जारी किया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | श्रावण शुक्ल पक्ष 13- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 25 अगस्त 2026

न्यूज गैलरी

किसानों ने निकाली देसी कांवड़ यात्रा

सीहोर। सावन के अंतिम सोमवार पर ग्राम हीरापुर और संदेरी के किसानों ने देसी कांवड़ यात्रा निकाली। किसान बांस से बनाई कांवड़ में मिट्टी के मटके बांधकर कुलसी नदी पहुंचे। यहां मटकों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद कांवड़ लेकर किसान शिव मंदिर पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए। देसी कांवड़ यात्रा में किसानों की आस्था और उत्साह देखने को मिला।

इछावर में बाबा महाकाल की पालकी यात्रा

इछावर। सावन के अंतिम सोमवार को नगर में बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। कार्ड नंबर 12 से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पालकी के साथ पारंपरिक संस्कृति को दर्शाती झांकियां भी शामिल रहीं। जावर से तैयार कराई गई भोलेनाथ की गोनाजी की खड़ी नाकाबंद का केंद्र रही। आयोजकों के अनुसार खड़ी का वजन 200 किलो से अधिक था। विभिन्न मार्गों से गुजरने के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया।

कुएं में डूबने से 16 वर्षीय बालक की मौत

बिलकिसगंज। ग्राम मंडेली में रतिलाल पोपटर कुएं में डूबने से 16 वर्षीय बालक नीरज की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीईआरएफ और पुलिस बल की टीम की मदद से बालक के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। मृतक का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलकिसगंज में कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

विधायक ने 6 गांवों में लगाई जनता चौपाल

आष्टा। आपका विधायक–आपके द्वार अभियान के तहत विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विधानसभा क्षेत्र के छह गांवों का दौरा किया। उन्होंने सिद्दीकगंज, सुशील नगर, गिपलिया खाडी, बलिया खेड़ी, बांदिया डाल और गुराडिया खुर्द में जनता चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने मौके पर अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों में चल रहे और पूर्ण हो चुके विकास कार्यों की जानकारी दी तथा कुछ नए विकास कार्यों की घोषणाएं भी की।

नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

भैरूंदा। 12 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर तहसील विधिक सेवा समिति ने समीक्षा बैठक की। प्रभारी जिला न्यायाधीश सतीश कुमार अग्रवाल ने अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण कराने पर जोर दिया। बैठक में न्यायिक अधिकारी और अभिभाषक मौजूद रहे।

आष्टा में भोलेनाथ की शाही पालकी

आष्टा। सावन के अंतिम सोमवार पर नगर के प्राचीन पाडवकालीन शंकर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर विधायक अर्चित किए। शाम को विशेष आरती और भजन–कीर्तन हुए।

सावन सोमवार कुबेरेश्वरधाम पर आस्था का महासागर, अंतिम सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक

आज सुबह 9 बजे सीवन नदी तट से निकलेगी ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा, 100 से अधिक सेवा स्टॉल पर होगी भोजन–प्रसादी की

डीआर संवाददाता>सीहोर

सावन माह के अंतिम सोमवार पर कुबेरेश्वरधाम में आस्था का महासागर उमड़ पड़ा। शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक हर–हर महादेव और बम–बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और विशेष पूजा–अर्चना की। वहीं आज मंगलवार को सुबह 9 बजे सीवन नदी के तट से ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करने वाले लोग भी शामिल होंगे।

कांवड़ यात्रा को लेकर सोमवार से ही शहर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई थी। इंदौर–भोपाल मार्ग पर कई बार जाम जैसी स्थिति बनी, जिसे पुलिस और यातायात विभाग के जवानों ने संभाला। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन सहित अन्य व्यवस्थाएं की हैं।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने लगाया 25 क्विंटल पुरी का भोग

अंतिम सोमवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सुबह कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा–अर्चना की और श्रद्धालुओं के लिए 25 क्विंटल पुरी का भोग लगवाकर प्रसादी का वितरण कराया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और भारतीय संस्कृति का अद्भुत मिलन है। वह भगवान शिव की सच्ची और सच्ची भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांवड़ लेकर भगवान शिव की ओर लाने वाले श्रद्धालु और रास्ते में कांवड़ यात्रियों की सेवा करने वाले सेवादार दोनों ही भगवान की सेवा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा करना भी पुण्य का कार्य है।

अमेरिका और ब्रिटेन से भी पहुंचे शिवभक्त

आस्था के इस महापर्व में सेवा ही नहीं, विदेशों से भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। अमेरिका और ब्रिटेन सहित अन्य देशों से आए एक दर्जन से अधिक शिवभक्तों ने आज सोमवार को कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित किया और शेला कलाम की प्रस्तुति की। प्रिंसिपल सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित शमीर शुक्ला सहित अन्य ने उनका स्वागत किया।

100 से अधिक स्थानों पर सेवा, शहर के मंदिरों में उमड़ेंगे श्रद्धालु

प्रिंसिपल सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर सीवन नदी तट से कुबेरेश्वरधाम तक मार्ग में करीब 25 स्थानों पर चाय, नाश्ता और चिकित्सा की सेवा की जा रही थी। अब 25 और 26 अगस्त को लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के देखते हुए 100 से अधिक स्थानों पर भोजन–प्रसादी के स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर चाय, नाश्ता, फलाहारी मिठाई, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था रहेगी। शहर के रामगंजमंडी, जनप्रतिनिधि और सेवादारी में सेवा कार्य में जुटे हैं। इंदौर, धर्मराजा और हीरा रहे पहले से ही जुटे हैं। श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए शहर के मंदिरों और बड़े मंदानों में भी व्यवस्थाएं की गई हैं। सोमवार को करीब तीन लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी दी गई। पाण परिसर में करीब दो एकड़ में बनी भोजनशाला से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन–प्रसादी वितरित की गई।

10 से अधिक वॉच टावर, 1200 से ज्यादा जवान तैनात

कांवड़ यात्रा के सफल और सुरक्षित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर में 10 से अधिक वॉच टावर लगाए गए हैं। अधिकारियों के साथ 1200 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने सोमवार को भोजनशाला, शिला परिसर, पार्किंग और श्रद्धालुओं की आवाजाही से जुड़े इंतजामों का जायजा लिया।

गुजरात के श्रद्धालु बोले– गौवा की महादेव की पूजा

कांवड़ यात्रा मार्ग पर गुजरात से आए करीब 25 श्रद्धालुओं का दल भी सेवा में जुटा दिखाई दिया।

पीजी कालेज में एनसीसी विवाद की जांच की मांग, प्रवेश सीट बढ़ाने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता>सीहोर

शासकीय पीजी महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पीजी कालेज अध्यक्ष नीलू राठौर द्वारा प्राचार्य सीमकर छात्रहित में आवश्यक कार्यवाई किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से एनसीसी से जुड़े छात्र–छात्राओं द्वारा एनसीसी ड्रा, कमांडेंट कैम्प व सीनियर छात्र विंगिन वर्ग के व्यवहार व कार्यप्रणाली को लेकर की जा रही शिकायतों का उल्लेख किया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्रहित में आवश्यक कार्यवाई की जाए। यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित व्यक्तियों को उनकी जिम्मेदारी अथवा दायित्व से हटाने की कार्यवाई की जाए। इसके साथ ही पीजी महाविद्यालय में प्रवेश सीटें बढ़ाने की मांग भी रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या अधिक है, जिसके कारण अनेक विद्यार्थी प्रवेश से वंचित हो रहे हैं।

ऐसे में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की की प्रवेश प्रवेश सीटों में वृद्धि कराने के लिए आवश्यक प्रस्ताव व कार्यवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उक्त दोनों महत्वपूर्ण छात्रहित के मुद्दों को लेकर पूर्व में भी ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन अभी तक इन मामलों में अपेक्षित कार्यवाई नहीं की गई है।

ऐसे में छात्र छात्राओं की समस्याओं पर गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्यवाई करने तथा प्रवेश सीटों में वृद्धि की दिशा में शीघ्र प्रयास करने की मांग की गई है। एबीवीपी पीजी कालेज अध्यक्ष नीलू राठौर ने कहा कि विद्यार्थियों से जुड़े इन मुद्दों का निराकरण छात्रहित में किया जाना आवश्यक है।

डाकघरों में अवकाश के दिन भी राखी की बुकिंग व वितरण

डीआर संवाददाता>सीहोर

रक्षाबंधन पर बहिनों के सुरक्षित और समय पर परिवहन के लिए डाक विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। सीहोर डाक संभाग के प्रमुख डाकघरों में अवकाश के दिन भी राखी की बुकिंग और वितरण सेवाएं जारी रहेंगी।

विभाग के अनुसार 28 अगस्त को सीहोर प्रधान डाकघर, आष्टा प्रधान डाकघर, आष्टा उपडाकघर और जावर उपडाकघर में राखी की बुकिंग व वितरण किया जाएगा। इस व्यवस्था से बहनों को भाइयों के लिए समय पर राखी भेजने में सुविधा मिलेगी। बहनें अवकाश के दिन भी संबंधित डाकघरों में राखी बुक करा सकेंगी। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे राखी सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए डाक सेवाओं का लाभ उठाएं।

सीहोर जिले की पारेषण व्यवस्था को मिली अतिरिक्त विश्वसनीयता ,ऊर्जा मंत्री तोमर

डीआर संवाददाता>सीहोर

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने सीहोर जिले की पारेषण व्यवस्था को और अधिक विश्वसनीय बनाते हुए 132 केवी सबस्टेशन गोपालपुर में 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे चालू कर दिया है। इसके साथ ही सबस्टेशन की ट्रांसफार्मिंग क्षमता बढ़कर 80 एमवीए हो गई है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि अब तक इस सबस्टेशन में केवल एक पावर ट्रांसफार्मर कार्यरत था। बढ़ते विद्युत भार तथा पारेषण व्यवस्था की विश्वसनीयता को ध्यान में रखते हुए दूसरा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। दो पावर ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता से लोड प्रबंधन बेहतर होगा तथा किसी एक ट्रांसफार्मर के रखरखाव अथवा तकनीकी खराबी से बंद रहने की स्थिति में भी विद्युत पारेषण प्रभावित नहीं होगा। एमपी ट्रांसको भोपाल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश माहेश्वरी ने जानकारी दी कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने के साथ ही सीहोर जिले में कार्यरत एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज फास्ट ट्रांसफार्मरों की संख्या 27 हो गई है। जिले में एमपी ट्रांसको 11 एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण कार्य संचालित कर रही है। इनमें 400 केवी आष्टा, 220 केवी बुदनी तथा 132 केवी गोपालपुर, शाहगंज, सलकनपुर, इछावर, सीहोर, सलापुर और भैरूंदा सहित अन्य सबस्टेशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नए ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जिले की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़कर 2807 एमवीए हो गई है।

सीहोर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 6300, लहसुन 17400 तक बिका

डीआर संवाददाता>सीहोर

सीहोर कृषि उपज मंडी में 24 अगस्त को विभिन्न कृषि उपज की कुल 7151 क्विंटल आवक दर्ज की गई। मंडी में सोयाबीन पीला का अधिकतम भाव 6386 और मॉडल भाव 6300 रहा। लहसुन का भाव 6250 से 17400 तक पहुंचा, जबकि हसका मॉडल भाव 9960 रहा। प्याज की 2335 क्विंटल आवक हुई और हसका भाव 1200 से 4403 तक रहा।

मंडी में गेंहू माखनलाल की 60 क्विंटल आवक रही। इसका भाव 3901 से 4401 और मॉडल भाव 4301 रहा। गेंहू शरबती 330 क्विंटल आया, जिसका भाव 2561 से 2699 और मॉडल भाव 2670 रहा। गेंहू मिल की 502 क्विंटल आवक हुई और भाव 2500 से 2630, जबकि मॉडल भाव 2600 रहा। गेंहू 16441 लोकवन की 1160 क्विंटल आवक दर्ज की गई।

दलहन में चना लाल 5300 से 6401 और मॉडल भाव 5976 रहा, जबकि चना सफेद 6651 के भाव पर बिका। मूंग का भाव 3600 से 6730 और मॉडल 6401 रहा। तुअर 4011 तक पहुंच 5000 से 6950 तक बिकी। सरसोंराई के भाव 5600 से 7000 और मॉडल 6511 रहे। मसूर 1501 से 2200 तक बिका।

गुराडिया मंडी में सोयाबीन 6380 तक

राजगढ़ जिले की गुराडिया कृषि उपज मंडी में 24 अगस्त को कुल 4096 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज की गई। यहां सोयाबीन की 2062 क्विंटल आवक हुई। इसके भाव 3000 से 6380 और मॉडल भाव 6196 रहे। गेंहू 2110 से 2780 और मॉडल 2600, चना 5000 से 5666 और मॉडल 5545 रहा। मसूर 5100 से 6000 और मॉडल 6150, जबकि सरसों 4600 से 7750 और मॉडल 7200 रही।

सुतावर मंडी में बनिया का भाव 12505 से 13705 और मॉडल 13705 रहा। मूंग 3600 से 6660 और मॉडल 6350 के भाव पर बिकी। मध्यम 1650 के भाव पर रहा। तिल्ली के मॉडल को देखते हुए सुतावर मंडी समिति ने किसानों से हैसियत के साथ तिलहन लाने की अपील की है। समिति का कहना है कि बकिक होने की स्थिति में तिलहन से तेल निकाल कर भोगने से बचाया जा सकता है। मंडी में सोयाबीन, चाल और अरहर की अच्छी आवक से बीच माह किसानों के लिए मालपूरी रहे।

मुड़त्व एवं बेड त्व की जानकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन पर शिकायत की प्रक्रिया भी बताई

डीआर संवाददाता> सीहोर

सीहोर, महिला एवं बाल विकास विभाग की वन स्टॉप सेंटर द्वारा निजन बालवाड़ी योजना के अंतर्गत सीहोर के शासकीय नमूना मांदीपाने स्कूल में बालिका जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक, काउंसलर और केस वर्कर द्वारा बालिकाओं को मुड़त्व एवं बेड त्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों के लिए संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर इसकी शिकायत के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशासक निधि शर्मा, काउंसलर रोशनी राठौर, केस वर्कर राधिका शर्मा और प्रियंका दोहरे सहित शिक्षक एवं बालिकाएं उपस्थित थीं।

कीटों का प्रकोप उत्पादन में 15 से 20 फीसदी तक गिरावट की आशंका, किसानों की चिंता बढ़ी

मौसम की बेरुखी से सोयाबीन पर कीटों का प्रकोप

डीआर संवाददाता>>अहमदपुर

जिले में मौसम के बदले मिजाज ने सोयाबीन उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर पूरी तरह थमा हुआ है। वहीं आसमान में हल्के बादल छाए रहने से तीखी धूप भी नहीं निकल रही है। इस उमस भरे और गर्मीयुक्त वातावरण के कारण खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल पर विभिन्न कीटों और इल्लियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। जिले के कई क्षेत्रों में शुरुआती अवस्था में ही फसल पीली पड़ने और पत्तियों के कटने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र सेहोरिया के वैज्ञानिकों के अनुसार यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो उत्पादन पर 15 से 20 प्रतिशत तक असर पड़ सकता है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम साफ होने ही अनुशंसित दवाओं का छिड़काव करें। खेत में प्रति एकड़ 4 से 5 फेरोमोन ट्रैप और पीली स्टिकी ट्रैप लगाएं। प्रारंभिक लक्षण दिखने पर 5 मिली नीम का तेल प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़कें। इसी व कार्डल पेस्टल नियंत्रण के लिए इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत 50 से 100 ग्राम प्रति एकड़ या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत 60 मिली प्रति एकड़ 150–200 लीटर पानी में घोलकर छिड़कें। तना मक्खी व रसचूसक कीटों के लिए थायोमेथोक्साम 12.6 प्रतिशत और लेम्डा साइहलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत 50 मिली प्रति एकड़ की दर से इस्तेमाल करें।

इन प्रमुख कीटों से फसलों को हो रहा नुकसान

तना मक्खी: यह कीट पौधे के तने के भीतर सुरंग बनाकर अंदरूनी भाग खा जाता है, जिससे पौधा ऊपर से सूखने लगता है। गर्डल बीटल:सफेद कीट शंखा या मुख्य तने पर छेद बनाकर अंडा देती है, जिससे तिने के ऊपर का हिस्सा सूखकर लटक जाता है।

सेमिलूपर व तंबाकू इल्ली: धूप न निकलने और बादलों के बीच ये इल्लियां पत्तियों को खाकर खर रही हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण रुक जाता है। उमस भरे मौसम में रसचूसक कीट पत्तियों का रस चूसकर पीला मोजेक वायरस फैलाने का खतरा बढ़ा रहे हैं।

जिले में लगभग तीन लाख हेक्टेयर में बोयनी सोयाबीन जिले में इस वर्ष 3.40 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में सोयाबीन की बोयनी हुई है। किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ने के बाद भी फसल पर कीट प्रकोप की मार पड़ रही है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी संशय की स्थिति में सीधे नजदीकी कृषि विस्तार अधिकारी या कृषि विज्ञान केंद्र से संपर्क कर सही दवा की सलाह तय करें।

क्षेत्र श्री नृसिंह लक्ष्मी महादेव मंदिर में नमक–चमक सहस्त्रधारा महा रुद्राभिषेक

डीआर संवाददाता>सीहोर

सहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी महादेव मंदिर में सोमवार के पावन पर्व पर विद्वान पंडितों के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने नमक–चमक सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक किया गया।मंदिर के संत मायादास महाराज के मार्गदर्शन में अथवा दर्जन विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह छह बजे पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक किया गया था, वहीं शाम को हवन पूजन और महा आरती का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पंडित कृपाल व्यास ने बताया कि जब मंत्र प्रधान दूध, दही इत्यादि से भगवान शिव को स्नान कराया जाता है तो व्यक्ति के मन की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है तथा साथ–ही–साथ उसके मन का चंचल स्वभाव भी समाप्त हो जाता है।

न्यूज गैलरी

टीबी की बीमारी खत्म करने के लिए जागरूकता जरूरी

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। टीबी रोग किन कारणों से होता है और इससे कैसे बचाव करें, यह जानकारी लोगों तक पहुंचना जरूरी है। टीबी रोग के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता रहेगी, तो पंचायत स्वतः टीबी रोग मुक्त हो जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी का समय पर पता चल जाए और इसका पूरा उपचार हो जाए तो यह पूरी तरह से रोकथाम और उपचार योग्य रोग है। टीबी को छुपा, नहीं और न कोई भी व्यक्ति इसे बताने में संकोच न करे। सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जो 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीबी की वैक्सीन लगाई जा रही है। टीबी मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए

नया बगीचा बनाने का यह सही समय

सीहोर। किसान भाई फलदार पौधे आम, अमरूद, आंवला, नींबू, बेर, फालसा आदि लगाने के लिए अगस्त माह उपयुक्त समय है। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार गर्मी के दिनों में किए गए गड्ढ़ों में वर्षा प्रारंभ के पूर्व गोबर की खाद 15-20 किग्रा, सुपर फास्फेट 100 ग्राम व क्लोरोपायरीफास 50 ग्राम व नीम की खली एक किग्रा प्रति गड्ढ़ा में मिलाकर भर दें। कलमार पौधे का चयन क्षेत्र की जलवायु, मिट्टी का प्रकार, औसत वर्षा, सड़क, साधन व बाजार व्यवस्था आदि के आधार पर करें। फलदार पौधे कलमी व कायम बढ़वान का हो। जिले में स्थित स्वायत्त संचालक उद्यानिकी कार्यालय से सम्पर्क कर फलदार बगीचा में अनुदान सम्बन्धी व तकनीकी जानकारी प्राप्त करें

धर्म के क्षेत्र में विवेक से करें कार्य

आष्टा। मुनि सागर महाराज ने कहा कि धर्म के क्षेत्र में विवेकपूर्वक कार्य करना चाहिए और गुण को अवगुण नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने कार्यस्थल और घरों के प्रति सजग रहना जरूरी है। आत्मचिंतन और विवेक के साथ जीवन जीने से सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने लोगों से मिट्टा, चुगली और किसी को बदनाम करने से बचने की अपील की। साथ ही वर्तमान पीढ़ी को धार्मिक संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया।

नर्मदा जल लेकर पहुंचे कांवड़िए

बिलकिसगंज। सावन के अंतिम सोमवार पर कांवड़ियों ने आवलीघाट से नर्मदा नदी का पवित्र जल भरकर डाक कांवड़ यात्रा निकाली। कांवड़िए पैदल नर्मदा जल लेकर बिलकिसगंज पहुंचे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके बाद कांवड़िए क्रीगंज स्थित शिवालय पहुंचे, जहां भगवान शिव का नर्मदा जल से जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। सावन के अंतिम वीकेंड सोमवार को शिव भक्तों की शिवालयों में सुबह से देर सततक भीड़ रही

पालिका यात्रा रिमझिम बारिश के बीच भी शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बना

अंतिम सावन सोमवार पर शिवमय हुआ क्षेत्र, कांवड़ और पालकी यात्राओं में उमड़ा आस्था का सैलाब

डीआर संवाददाता»श्यामपुर, सरसाद

श्यामपुर। निकली गई पालकी यात्रा में श्रद्धालु

सावन माह के अंतिम सोमवार पर श्यामपुर, सरसाद, दोराहा, अहमदपुर सहित अलावला का पूरा क्षेत्र भगवान शिव की भक्ति में डूबा नजर आया। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। जगह-जगह कांवड़ यात्रा और भगवान शिव की पालकी यात्राएं निकाली गईं। रिमझिम बारिश के बीच भी शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बना। मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना, अभिषेक और भजनों का सिलसिला चलता रहा।

श्यामपुर में हर वर्ष की तरह इस बार भी अंतिम सोमवार के अवसर पर भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत मालुद बाजार स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हुई। पालकी श्रीराम चौक, बड़े गणेश मंदिर, पाटीदार मोहल्ला, महावीर चौक और बालाजी चौक होते हुए आगे बढ़ी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भगवान शिव के जयकारों और धार्मिक भजनों से पूरा नगर गूंज उठा। ढोल-नगाड़े की धुन पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग श्रद्धालु उत्साह झूमते नजर आए।

पालकी यात्रा पहु बाजार और भोपाल रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंची। यहां भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पालकी का स्वागत कर दर्शन किए। इसके बाद यात्रा वापस मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ समापन किया गया।

यही सरसाद में सावन के अंतिम सोमवार पर ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर शामिल हुए। यात्रा सरसाद से शुरू होकर पार्वती घाट पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर कांवड़ में पवित्र जल भरा। इसके बाद कांवड़िए यात्रा अलावला पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। पालकी पर श्रद्धालु उत्साह से झूमते दिखाई दिए।

श्यामपुर, करनावदिया, खजूरी, रिमझी, निवासिया कला, सिंगरोली, निवारिया, घाटपलासी, बोंदी, बर्दी, हिंगोनी, बमुलिया, रोपाखेड़, अलवाड़ा मुल्तानपुरा, पडिवाल, गोपालपुरा, पीपलखेड़ी, छतरी, धरनाल, छतरपुर, हरनापुर, तिनोनिया, आष्टाखेड़ी, रायखेड़ा, चांदबड़ जागीर, बारिया, गवा, सुजाखेड़ी, अहमदपुर सहित कई गांवों के शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

श्यामपुर। शिवालय में भजन

सरसाद। सरसाद यात्रा सुरक्षाम से निकाली गई

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर

कुबेरेश्वर धाम में कांवड़ यात्रा सुचारू रूप से जारी, प्रशासन ने श्रद्धालुओं की

डीआरसंवाददाता»आष्टा

कुबेरेश्वर धाम आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा सीवन नदी घाट से जल लेकर कांवड़ के माध्यम से कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शंकर का अभिषेक किया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल होकर आस्था और श्रद्धा के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। यात्रा को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर बालमुकुंद एवं एसपी गोनाशी राजपूत द्वारा कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। दोनों अधिकारी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री बालमुकुंद के साथ एसपी गोनाशी राजपूत ने कुबेरेश्वर धाम का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी गत दिनों से मोबाइल घंटे ड्यूटी पर तैनात रहकर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्रशासन का विशेष ध्यान इस बात पर है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुविधा एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। कांवड़ यात्रा मार्ग में चिकित्सा स्थानों पर मेडिकल कैम्प स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों में चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ की तैनाती की गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

आष्टा का हर गांव विकास की किरण से चमकेगा विधायक

डीआर संवाददाता»आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आष्टा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना भाजपा सरकार का लक्ष्य है। विकासकार्य में विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश गांवों में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

विधायक ने 15 लाख की लागत से बनवाई माता मंदिर परिसर में टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। वहीं 10 लाख की लागत से निर्मित अनुसूचित जाति बस्ती अलावला की बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण किया। विधिकार्यक्रम पहुंचने पर ग्रामीणों ने मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया के नेतृत्व में विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सोंठी, बैरागढ़ खुमान, हिंगोनी में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

सोंठी क्षेत्र में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पैलस सोंठी, सोंठी, बैरागढ़ खुमान और हिंगोनी में विशेष कार्यशाला आयोजित किए गए। कार्यशाला में बैंकिंग कर्मचारी ने नाबार्ड, सीड और शक्ति के माध्यम से ग्रामीणों को वित्तीय लेन-देन, बचत, बीमा सेवाओं और वित्तीय जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कर्मचारी ने सरोजराज प्रस्तुतियों के जरिए ग्रामीणों को समझाया कि अपने पैसों का सुरक्षित और समझदारी से उपयोग करना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सेवाओं की जानकारी देना और उन्हें आर्थिक रूप से जागरूक बनाना रहा। कर्मचारी की प्रस्तुतियों को ग्रामीणों ने भी काफी रुचि के साथ देखा और शुभा द्वारा दीपक सोलंकी आदि रहित की सभा में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सरकार की वित्तीय साक्षरता संबंधी योजनाओं और डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सीहोर विधानसभा में गांव-गांव पहुंच रही समरसता कलश वंदन यात्रा

डीआर संवाददाता»श्यामपुर

सीहोर विधानसभा के गांव-गांव में इन दिनों संत रविदासजी गुरु संदेशात्रा जी की 650वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में समरसता कलश वंदन यात्रा पहुंच रही है। यात्रा का उद्देश्य सामाजिक एकता, समानता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

संत रविदास जी की जन्मभूमि वाराणसी से सीर गोवर्धनपुर से पवित्र जल और मिट्टी से भरे कलश रथों के माध्यम से विभिन्न गांवों, जिलों और मार्गों तक पहुंचाए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान गांवों और शहरों में श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र कलश की पूजा-अर्चना कर स्वागत किया जा रहा है।

सीहोर विधानसभा के श्यामपुर और बेदीपुरा मंडल में पहुंचने पर भी यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में संत रविदास समरसता कलश वंदन यात्रा के विधानसभा प्रभारी पुरुषोत्तम मालवीय, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष देवीपुरा मंडल अध्यक्ष वीर भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवान गौर ने यात्रा को संबोधित किया।

उन्होंने संत रविदास जी के विचारों को जीवन में अपनाने और समाज में आपसी भाईचारा, समानता और समरसता बनाए रखने की अपील की। समरसता कलश वंदन यात्रा के जरिए संत रविदास जी के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के स्वागत में लोगों में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

पटेल इंडियन खोयरा ने जीता केपीएल-7 का खिताब

आष्टा। आष्टा में गरेश भाया की पुण्य स्मृति में आयोजित केपीएल-7 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पटेल इंडियन गांव खोयरा ने जीत लिया। रोमांचक मुकाबले में टीम ने नंबर वन इंडेवार को हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह में अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए। लखन लाल प्रजापति को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। अमन चोपराल बेस्ट बैट्समैन, नमन मोरवाल बेस्ट बॉलर और विशाल टेलर बेस्ट फील्डर रहे।

चांदबड़ जागीर में हनुमान मंदिर पर भंडारा, पूजा के बाद हुई जोरदार बारिश

डीआर संवाददाता»चांदबड़ जागीर

चांदबड़ जागीर चांदबड़ जागीर। ग्राम चांदबड़ जागीर में हनुमान जी महाराज के मंदिर (गढ़ी) पर ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंचे और हनुमान जी महाराज की पूजा-अर्चना कर भजन-कीर्तन किए। इसके बाद सभी ग्रामवासियों ने मिलकर प्रसादी ग्रहण की और सामूहिक भोज किया।

ग्रामीणों की अनुसार, गांव में हर वर्ष हनुमान जी महाराज के मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। उनका कहना है कि भंडारे के दिन या उसके बाद बारिश होने का सिलसिला कई वर्षों से देखने को मिलता रहा है। इसी वजह से ग्रामीण इसे आस्था से जुड़ा विशेष और चमत्कारिक भंडारा भी मानते हैं।

15 दिन बाद हुई बारिश से किसानों को राहत

डीआर संवाददाता»आष्टा

आष्टा में 15 दिन के इंतजार के बाद सोमवार को करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। दोपहर 3 से 4 बजे तक हुई अच्छाम बारिश से शहर तरबतर हो गया और किसानों को राहत मिली। किसान राम सिंह ठाकुर और विक्रम सिंह नेवाड़ ने बताया कि 15 दिन बाद हुई बारिश से सोयाबीन और मक्का की फसलों को काफी फायदा मिलेगा। खेतों में नमी आने से फसलों की बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है।

बैठक जिला पंचायत सीईओ ने की छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

लंबित प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करने के दिए निर्देश

डीआर संवाददाता»सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव की अध्यक्षता में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के कॉलेज एवं नोडल स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति से संबंधित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेज एवं नोडल स्तर पर छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता से संबंधित प्रकरणों की पेंडेंसी अधिक है, वे सभी लंबित प्रकरणों का सात दिवस के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता का लाभ समय पर मिले, इसके लिए लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अनुपस्थित संस्था प्रभारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित संस्था प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने छात्रवृत्ति प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक आर्किन खुशवाह और पिछड़ा वर्ग विभाग के सहायक संचालक श्रीमती दिव्या राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

22 किमी चले 500 से ज्यादा कांवड़िए, देवांचल धाम से जल लेकर लौटे

आष्टा। श्रावण के अंतिम सोमवार को रघुसिंग गांव से 500 से अधिक श्रद्धालुओं की भव्य कांवड़ यात्रा निकली। भगवान शिव की पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा में 8 वर्ष के बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक के बुजुर्ग शामिल हुए। करीब 22 किलोमीटर का सफर तय कर कांवड़िए देवांचल धाम पहुंचे। देवांचल धाम में श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वेश्वर महादेव के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। रघुसिंग गिमारी मंडल जाटीयार ने बताया कि श्रावण के अंतिम सोमवार को गांव के मंदिर में पूजा के बाद यात्रा देवांचल धाम के लिए रवाना हुई थी। सभी श्रद्धालुओं ने 22 किलोमीटर

न्यूज गैलरी

अब टीईटी परीक्षा के विरोध में 30 को दिल्ली कूच करेंगे अध्यापक

विदिशा। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद टीईटी की अनिवार्यता से प्रभावित शिक्षकों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 30 अगस्त को मप्र सहित देशभर से हजारों शिक्षक दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेंगे। शिक्षकों का कहना है कि मध्यप्रदेश में करीब डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हैं, जबकि देशभर में यह संख्या लाखों में है। 25 से 30 वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षक टीईटी से स्थायी मुक्ति की मांग प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे। जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी सहित मोर्चा पदाधिकारियों ने शिक्षकों से दिल्ली पहुंचने की अपील की है।

कलेक्टर ने दिए सड़कों की मरम्मत के निर्देश

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान नवीन सड़कों की मांग और सड़क मरम्मत से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने दिए। संबंधित आवेदनों की समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत के प्रस्तावों की एक प्रति जिला कार्यालय को भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क समस्याओं के निराकरण के लिए आर्किटेक्ट और पीएमजीएसवाय अधिकारियों को प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिले सीईओ जनपद सभाओं को मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

विदिशा व नटेरन में नए अध्यक्ष घोषित किए

विदिशा। राष्ट्रवादी शिक्षक संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष राकेश दुबे के निर्देश पर विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों की घोषणा की है। प्रादेश उपाध्यक्ष प्रभ्वी सिंह रघुवंशी ने जिलाध्यक्ष नवल सिंह रघुवंशी एवं प्रदेश महामंत्री उमेश सोनी की सहमति से नियुक्तियां कीं। राजकुमार कुशवाहा को नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष, हेमंत नरवरिया को नटेरन तहसील अध्यक्ष, संतोष नामदेव को विदिशा तहसील अध्यक्ष तथा मोहन सिंह यादव को विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। संगठन पदाधिकारियों ने नव नियुक्तियां अध्यक्षों से शीघ्र कार्यकारिणी गठन करने का आह्वान किया।

स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन शिविर का समापन हुआ

विदिशा। ब्रह्म समाज भवन में 18 से 24 अगस्त तक आयोजित जिला स्तरीय बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। सात दिवसीय शिविर में 30 शिक्षकों ने स्काउटर और 20 शिक्षिकाओं ने गाइडर बनने का प्रशिक्षण लिया। प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड नियम, प्रतिज्ञा, गांठें, प्राथमिक उपचार, टेंट निर्माण, ध्वज, कुकिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तावोहण हुआ। शिविर का संचालन लीडर ट्रेनर विशाल सिंह भदौरिया एवं प्रशिक्षक दल ने किया।

स्काउट कैप्टन शिविर का समापन

विदिशा। जिला स्तरीय बेसिक स्काउट मास्टर-गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 से 24 अगस्त तक ब्रह्म समाज भवन में हुआ। सात दिवसीय शिविर में जिले के 30 शिक्षकों ने स्काउटर बनने का प्रशिक्षण लिया।

कुरवाई की सर्वधर्म कॉलोनी में विकास कार्य नहीं कराने पर कलेक्टर की सख्ती

10 साल में सड़क, बिजली, पानी की सुविधाएं नहीं, अब 39 बंधक प्लाटों की होगी नीलामी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कुरवाई के एक कॉलोनीबाइजर को मूलभूत सुविधाएं न देना महंगा पड़ा।

कुरवाई स्थित सर्वधर्म कॉलोनी में निर्धारित समयावधि बीतने के बावजूद मूलभूत सुविधाएं एवं आंतरिक विकास कार्य पूर्ण नहीं कराने के मामले में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कॉलोनी के विकास के लिए बंधक रखे गए कुल 39 भू-खण्डों को नियमानुसार विक्रय अथवा नीलाम किया जाएगा। इन भू-खण्डों की बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग कॉलोनी में सड़क, नाली, पेयजल, बिजली सहित अन्य आवश्यक आंतरिक विकास कार्यों को पूरा करने में किया जाएगा। प्रकरण की शुरुआत कॉलोनीवासियों द्वारा जनसुनवाई में कई विभागों की जांच सूची विकास की नाव

2015, कॉलोनी विकास की मिली थी अनुमति

आदेश के अनुसार 8 दिसंबर 2015 को ग्राम कुरवाई की विभिन्न भूमियों पर आवासीय कॉलोनी विकसित करने की अनुमति दी गई थी। कॉलोनी के आंतरिक विकास कार्य सुनियोजित करने के लिए 25 प्रतिशत भूमि का भाग बंधक रखा गया था।

एक जुलाई 2025 को संकल्प कॉलोनी के संबंधी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं की जानकारी दी थी।

विकायत में बताया गया था कि कॉलोनीबाइजर द्वारा कॉलोनी का विधिवत विकास नहीं कराया गया है। वर्षा के दौरान क्षेत्र में पानी भर जाता है और निवासी के लिए पर्याप्त नालियां नहीं हैं। सड़क, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है।

कॉलोनी की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एसडीएम कुरवाई, लोक निर्माण एसडीएम की 20 फरवरी 2026 की रिपोर्ट में सीसी रोड, नाली, स्ट्रीट लाइन निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा बिजली कंपनी द्वारा कराई और जल व्यवस्था अधूरी पाई गई। कुछ हिस्सों में केवल मुरम और पेवर ब्लॉक से सड़क बनाई गई थी, जबकि विद्युत व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं थी। पीडब्ल्यूडी ने मार्ग, पुलिया, सीवर लाइन और ट्रीक ऊरजिंट प्लेसमेंट के कार्य अपूर्ण बताए। बिजली कंपनी और पीएचई ने भी विद्युतीकरण एवं जलप्रदाय संबंधी कार्य नहीं होने की पुष्टि की।

नियम-20 के तहत कॉलोनाईजर कॉलोनी विकास नियम 2021 के नियम-20 में प्रावधान है कि यदि कॉलोनाइजर निर्धारित शर्तों का उल्लंघन करता है या तय समयसीमा में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण नहीं कराता है तो सक्षम प्राधिकारी बंधक संपत्ति का नगदीकरण अथवा बैंक प्रत्याभूति भुनाकर प्राप्त राशि से विकास कार्य करा सकता है। शर्तें कम पड़ने पर कॉलोनाइजर से भू-राजस्व के बकाया की उसूल की जा सकती है।

शिकायत के बाद जांच, फिर भी पूरे नहीं

प्रभावित कुरवाई में कराई गई। जांच में पाया गया कि कॉलोनाइजर द्वारा स्वीकृत प्रावधानों के अनुसार विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। इनमें कई कॉलोनाइजर नियमित शर्तों की पूर्णता पत्र जारी किया गया। ये जानकारी में जानकारी हुए और उनके प्रस्तुत करने के लिए 60 दिन का समय मांगा। बाद में 16 अगस्त 2025 को जांचित टीमों द्वारा निरीक्षण कार्य पूरे करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया, जिस पर एक माह की मोहलत दी गई। इसके बाद भी निर्धारित तिथि के बावजूद कॉलोनाइजर प्रावधान में उल्लेखित नहीं हुए कॉलोनी विकास के लिए भू-खण्ड क्रमांक 65 से 68, 82 से 90 तथा 102 से 117 तक कुल 39 भू-खण्ड बंधक रखे गए थे। इनका कुल क्षेत्रफल 2082.00 वर्गमीटर है। नगर तथा निवेशनुसार विक्रय अथवा नीलाम कर तय राशि से कॉलोनी के अधूरे विकास कार्य पूरे कराए जाएंगे। जिन्हें ऐसे कई कॉलोनाइजर हैं जो पत्र मिलने के बाद सहयोगकर ही गए और गायब बताया गया है।

एसडीएम कुरवाई को सौंपी नीलामी की जिम्मेदारी

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने उपखण्ड अधिकारी कुरवाई के प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव के आधार पर नियम-20 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार 39 बंधक भू-खण्डों के विक्रय तथा नीलामी की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार एसडीएम कुरवाई द्वारा की जाएगी। प्राप्त राशि से कॉलोनीवासियों को सड़क, बिजली, पेयजल, जल निकासी और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आंतरिक विकास कार्य कराए जाएंगे। कलेक्टर की इस कार्रवाई से करीब एक दशक से अधूरे चले कॉलोनी विकास कार्यों के पूरे होने की उम्मीद जगी है और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जूझ रहे सर्वधर्म कॉलोनी के रहवासियों को राहत मिलने की संभावना है।

विजय मंदिर में नमाज के वीडियो पर विवाद, हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में नाग पंचमी के अगले दिन विजय मंदिर परिसर में एक व्यक्ति के नमाज पढ़ने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद बढ़ गया। सोमवार को विजय मंदिर सेवार्थ सेवा समिति सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने कलेक्टर पद्मभूषण कलेक्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और वीडियो पर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि विजय मंदिर परिसर में हिंदू संगठनों को नाग पंचमी के दिन पूजा की अनुमति दी जाती है। इसके अगले दिन एक व्यक्ति के परिसर में पहुंचकर नमाज पढ़ने का वीडियो सामने आया। संगठनों ने कहा कि जांच में जो भी दोषी मिले, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि शहर में शांति और सौहार्द बना रहे।

वक्ता किया कि घटना के समय मंदिर परिसर के सीसीटीवी कैमरे बंद कराए जा रहे थे। उन्होंने सवाल उठाया कि युवक परिसर तक कैसे पहुंचा और वीडियो किसने बनाया। वीडियो सोशल मीडिया पर किसने वायरल किया, इसकी भी जांच की मांग की गई।

संगठनों ने आशंका जताई कि किसी ने जानबूझकर युवक को मंदिर परिसर में भेजकर शहर का माहौल खराब करने का प्रयास किया हो सकता है। हालांकि यह फिलहाल आरोप और आशंका है, जिसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

ज्ञापन में युवक के मंदिर परिसर में पहुंचने, उसे वहां लाने वाले व्यक्ति, वीडियो बनाने और वायरल करने वालों की पहचान की मांग की गई। संगठनों ने कहा कि जांच में जो भी दोषी मिले, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि शहर में शांति और सौहार्द बना रहे।

50वीं पुण्यतिथि पर सजेगी संगीत संध्या

विदिशा। मशहूर संगीत जगत के अमर गायक स्वर्गीय मुकेश की 50वीं पुण्यतिथि पर 26 अगस्त को विदिशा में स्वरांजलि सांध्य संगीत संध्या आयोजित की जाएगी। रीजेंसी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित सांध्य स्वरांजलि कार्यक्रम में मुकेश जी के गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

नल-जल योजना पूरी, घरों तक पहुंचा पेयजल

डीआर संवाददाता ✍ गुलाबगंज गंजबासौदा। विकासखंड के सेलखेड़ी, लाखा और भालबनीया गांव में जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजनाओं का काम पूरा हो गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने तीनों योजनाओं को संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दिया है। योजनाएं शुरू होने के बाद ग्रामीणों को घर-घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होने लगा है।

सेलखेड़ी में रली परिवारों को किफायती घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। यहां 20 मिलीलीटर क्षमता का सम्पमेल बनाया गया है। लाखा में 203 परिवारों को नल कनेक्शन मिले हैं। यहां 75 मिलीलीटर क्षमता की क्रमश स्टोरेज टंकी और 20 मिलीलीटर क्षमता का सम्पमेल बनाया गया है। योजना पर करीब 80 लाख रुपए खर्च हुए हैं।



भालबनीया में 277 परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। यहां 100 मिलीलीटर क्षमता की टंकी और 40 मिलीलीटर क्षमता का सम्पमेल बनाया गया है। योजना की लागत करीब 102 लाख रुपए रही।

विभाग की उपअभियंता श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों गांवों में योजनाएं चालू कर दी गई हैं। इससे ग्रामीणों को दैनिक जल जरूरतों की नियमित पूर्ति हो रही है और उन्हें घर बैठे पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

टब में दादी को बैठाकर 30 किमी पैदल यात्रा, परिजनों ने कराए बिशननाथ के दार्शन

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

सावन माह में भगवान शिव के प्रति आस्था का अनोखा उदाहरण सिरोंज क्षेत्र में देखने को मिला। एक परिवार पहले से अस्वस्थ अपनी बुजुर्ग दादी को प्लास्टिक के टब में बैठाकर करीब 30 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर देवपुर स्थित बाबा बिशननाथ के दर्शन कराने ले गया। यह दृश्य सिरोंज से करीब 17 किलोमीटर दूर भोपाल रोड स्थित हिनोतिया नाली गांव के पास देखने को मिला। परिवार

सावन के सोमवार को देवपुर में भगवान बिशननाथ के दर्शन के लिए जा रहा था। यहां सावन में पैदल यात्रा कर भगवान शिव के दर्शन करने की परंपरा बताई जाती है। बुजुर्ग महिला चलने में असमर्थ थीं, इसलिए परिजनों ने उन्हें प्लास्टिक के टब में बैठाया। इसके बाद परिवार के सदस्य बारी-बारी से टब को सिर पर रखकर आगे बढ़ते रहे। यात्रा में पुरुषों के साथ महिला सदस्य भी बुजुर्ग को उठाकर चलते नजर आए।

परिजनों का कहना था कि वे बुजुर्ग महिला को भी देवपुर बाबा के दर्शन कराने के लिए अपने साथ लेकर निकले हैं। आस्था और परिवार के प्रति समर्पण का यह दृश्य राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

बेतवा नदी में मिला नवविवाहिता का शव, 5 माह की गर्भवती थी महिला

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में सोमवार को बेतवा नदी से 31 वर्षीय नूतन प्रजापति का शव बरामद हुआ। नूतन गणपति कॉलोनी में रहती थी और कुछ समय से मायके में रह रही थी। परिजनों के अनुसार वह 20 अगस्त को मुट्टी पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। कुछ दिन मिर्गी लहर आने में मुगुहुदगी दर्ज कराई गई थी। दो दिन बाद जीवाजीपुर क्षेत्र में नदी से उनका शव मिला।

परिजनों के मुताबिक नूतन पांच माह की गर्भवती थी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उनकी बहन निकिता प्रजापति का कहना है कि शादी के बाद से नूतन को परेशान किया जाता था, जिसके चलते वह मायके आ गई थी। परिजन ने पुलिस पर भी तहरीर न लेकर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृत्युकारी जानकारी में नौका डूबने से होना बताया गया है। लालकोठी गोता खोर बुलवाकर शव बरामद कराया गया। पुलिस मामले में सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

रु पुरानी मंडी में चल रहा था लकड़ी जुआ, पुलिस ने 6 लोगों को पकड़ा

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा।

लोधी मार्ग स्थित पुराने हू पि उपज मंडी परिसर में चौबेर रात पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रात करीब 11 से 12 बजे के बीच परिसर में कुछ लोग 'लकड़ी जुआ' खेल रहे हैं। सूचना के बाद शहर थाना पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान कुछ लोग मौके से भाग निकले, जबकि छह आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया।

पुलिस ने मौके से राजकुमार शर्मा, संदीप खान,

नरेंद्र शर्मा, हनुमान रजकुट, कृष्ण पाल राजपूत और अनुराग ठाकुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 52 हजार 600 रुपए नकद, करीब 1.40 लाख रुपए कीमत के छह मोबाइल फोन और करीब 6.20 लाख रुपए मूल्य की स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की गई।

शहर थाना निरीक्षक संजय देदिया ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ खेलने से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जब्त सामान को कब्जे में लेकर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि पुरानी मंडी परिसर में लंबे समय से जुए की गतिविधियां चल रही थीं या यह आयोजन हाल ही में शुरू हुआ था। फरार हुए अन्य लोगों की पहचान और तलाश भी की जा रही है।

मौसम सावन के आखिरी सोमवार को रुक-रुककर शहर में 4 घंटे से ज्यादा बारिश हुई

4 घंटे तक रुक-रुककर बारिश, 30 मिमी से ज्यादा दर्ज

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सावन के आखिरी सोमवार को रुक-रुककर शहर में 4 घंटे से ज्यादा बारिश हुई। इससे कई जगह गलियों में जल भराव की समस्या भी रही। अच्छी बारिश से लोगों को तीखी गर्मी से कुछ राहत मिल गई है। शहर में दोपहर करीब 12 बजे से लेकर शाम को 4 बजे तक कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर चलता रहा है।

शहर में 4 घंटे में करीब 30 मिमी से ज्यादा बारिश रिकार्ड दर्ज हुई है। ब्लॉक कॉलोनी, गीतांजलि सहित कई निचले इलाकों में पानी का भराव हो गया था। विदिशा को अभी 463 मिमी बारिश की दरकार है।

पिछले साल से भी 338 मिमी कम बारिश हुई है। विदिशा में साल भर की औसत बारिश का आंकड़ा 1075 मिमी है। विदिशा में 24 अगस्त तक कुल 612.4 मिमी बारिश दर्ज हुई है। वहीं पीछे साल इसी अवधि में 952. 7 मिमी बारिश हो चुकी थी। विदिशा को अभी 463 मिमी बारिश की दरकार है।। है। पिछले साल से भी 338 मिमी कम बारिश अब तक हुई है।

सावन के आखिरी सोमवार को मिली तीखी गर्मी से राहत

सोमवार को शहर में रुक-रुक कर करीब 4 घंटे बारिश हुई।

यहां दिखाजनक है स्थिति

जिलेवार जिले की करीब 30 तक बारिश 1075.58 मिमी है। बासौदा के कुछ गांव (आंकड़ों) में तीखे सावन तक सिर्फ अपने औसत के 57 प्रतिशत के आंकड़े पर ही पहुंच पाया पाया है। अगस्त के अतिरिक्त और सितंबर में भी अच्छा नहीं बरसे, तो भू-जल स्तर और रबी सीजन की सिंचाई पर संकट आने की संभावना है।

लटेरी में सबसे ज्यादा 864 और गुलाबगंज में सबसे कम 355 मिमी बारिश

पिछले 24 घंटे में विदिशा जिले में सबसे 0.4 मिमी बारिश दर्ज हुई है। अब तक सबसे ज्यादा 864.0 मिमी बारिश लटेरी ब्लॉक में हुई है। जबकि सबसे कम 355 मिमी बारिश गुलाबगंज में दर्ज हुई है। विदिशा में 541, कुरवाई में 964.2, सिरोंज में 283.3, गंजबासौदा में 708.5, नटेरन में 880.0, नोहटा में 821.0, ग्यारसपुर में 664.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। कुल 612. 4 मिमी हुई है।

बेतवा में नहाते समय 15 फीट के अजगर ने सर्प मित्र को जकड़ा, 30 मिनट चला संघर्ष

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

कालापुर से करीब 3 किमी दूर बेतवा नदी के सिद्ध घाट पर सोमवार सुबह सर्प मित्र कन्हैया लोधी के साथ बड़ा हादसा होते-होते बचा। पगलान मोहल्ला की पूजा से पहले नदी में स्नान करते समय करीब 15 फीट लंबा अजगर उनके पैर से लिपट गया। कन्हैया ने उसे हटाने की कोशिश की तो अजगर ने उनकी गर्दन को जकड़ लिया।

करीब 30 किलो वजनी अजगर की पकड़ से निकलने के लिए कन्हैया करीब 30 मिनट तक संघर्ष करते रहे। उन्होंने सुझबूझ दिखाते हुए एक हाथ से अजगर का मुंह पकड़ा और दूसरे हाथ से गर्दन

पर लिपटी पकड़ ढीली की। इसके बाद वे किसी तरह नदी से बाहर निकल पाए। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

कन्हैया के अनुसार वे पिछले करीब 10 वर्षों से सांपों का रेस्क्यू कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 10 हजार सांपों को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा है। सांपों को मारने के बजाय उनका सुरक्षित रेस्क्यू कर प्राकृतिक क्षेत्र में छोड़ना ही बेहतर है।

उन्होंने चार अन्य लोगों को भी सांप रेस्क्यू का प्रशिक्षण दिया है।

डिजिटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

श्रवन शुक्ल पक्ष-13 2083

राजगढ, दिन मंगलवार,दिनांक 25 अगस्त,2026

न्यूज गैलरी

हाईस्कूल बिलेरा का सीईओ टीम ने किया निरीक्षण

मुंगावली। नगर से 8 किमी दूर सरकारी हाईस्कूल बिलेरा में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की टीम ने औचक निरीक्षण किया। अमित खतवाल ने कक्षाओं में पढ़ाकर विद्यार्थियों की पढ़ाई, गृहकार्य और पाठ्यक्रम की स्थिति देखी। उन्होंने आईसीटी लैब की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी जानकारी और गतिविधियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अधिकारियों के सवालों के संतोषजनक जवाब दिए। निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर और स्कूल के बेहतर वातावरण पर अधिकारी ने स्टाफ की सराहना की।

समरसता कलश यात्रा निकाली, एकता और भाईचारे का दिया संदेश

अशोकनगर। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान शुरू किया गया है। इसी अभियान के तहत रविदास को सोनेरा मंडल के ग्राम करैया राव में कलश स्थापना यात्रा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संत रविदास जी की जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से युक्त कलश को मंदिर में स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद करैया राव से यात्रा रवाना हुई। यात्रा सोनेरा और कालरासेकी सहित विभिन्न गांवों में पहुंचेगी, जहां लोगों को संत रविदास जी के समरसता, एकता और भाईचारे के संदेश से अवगत कराया जाएगा।कार्यक्रम में यात्रा प्रभारी सतीश कलावत, मालव जिला महामंत्री डॉ. शील जाटव, सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी, सत्येंद्र प्रताप प्रताप रघुवंशी सहित पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ

अशोकनगर। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड अशोकनगर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष मलखीत सिंह रहे। समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। मुख्य अतिथि ने बेला जन अभियान सफल होना का अभियान है। जब हम स्वयं सुधरेंगे, तभी समाज में बदलाव ला पाएंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. जसविंदर सिंह सोनल, डॉ. विजय सिंह , जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान, विकासखंड समन्वयक मनोज सोनल, गिरीश उपाध्याय, कुमार संभव, रामेश्वरम अहिरवार, बलवीर

शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़, जगह-जगह किया स्वागत, ओमकार सेवा मंडल ने लगाया भंडारा

श्रद्धा से निकाली बाबा बैजनाथ की शाही सवारी, जयकारों से गूंज उठा सारा शहर

डीआर संवाददाता ▪ नरसिंहगढ़

सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल रहा। परंपरानुसार बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही सवारी सोमवार को बूढ़ामाल और भतिमाला के साथ नगर भ्रमण पर निकली। दोपहर 11 बजे बड़ा महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं रैदिक मंत्रोच्चारण के बाद शाही यात्रा का शुभारंभ हुआ। शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बड़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां बाबा की महाआरती की गई। शाही सवारी के दौरान पूरा नगर शहर-हर महादेव और ॐ नमः भोलेनाथ

14 नवाबपुरा। सावन के आखिरी सोमवार को नगर के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। हालांकि की रास्ता में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि एवं परिवार की सुरक्षा की कामना की। बाधा बम्बी पर भगवान शिव-पार्वती का हुआ था विवाह नवाबपुरा की प्राचीन समय में जिनवालरा नगरी के नाम से जाने जाने की मान्यता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नगर की बाधा बम्बी पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। यहां आज भी विवाह के प्रतीक स्वरूप सात फेरे के निशान मौजूद हैं। मान्यता है कि नवविवाहित जोड़े इन सात फेरों की परिक्रमा कर सुखी और खुशहाली दाम्पत्य जीवन की कामना करते हैं। मनमानमेश्वर महादेव का हुआ आकर्षक श्रृंगार सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर नगर के प्रमुख के जयकारों से गूंज उठा। बैंड बाजे-नगाड़े और मंत्रोच्चारों के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए। नगरवासियों ने जगह-जगह बाबा की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर शाही सवारी का स्वागत किया। श्रद्धालु मार्ग में पुष्प बिछाते हुए बाबा की जयकारों के साथ चलते रहे। शाही सवारी में विधायक मोहन शर्मा, सोकेश शर्मा, मंगलूराम सिकरवार, शिव सेन, भरत इंदौर, रमेश मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, श्रमजीवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर एवं आसपास के क्षेत्रीय क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सवारी में पहुंचे। शाही सवारी के अवसर पर ओमकार सेवा मंडल की ओर से बलभद्रपुरा चौराहे पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर गणेशियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाजसेवियों ने शीतलपेय व प्रसादी वितरित कर पालकी यात्रा का स्वागत किया।

शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आकर्षक श्रृंगार किया गया। मनकामनी स्थित महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का बाबा बर्फानी के स्वरूप में किया गया आलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर में दर्शन के लिए दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। वहीं नगर के लायनी गुरुवेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष सजावट की गई। मंदिर का अनोखा कुंडों से किया गया श्रृंगार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करता नजर आया।

शिवालयों में उमड़ी भीड़

सावन के अंतिम सोमवार को बड़ा महादेव, छोटा महादेव, वसुपतीनाथ जल मंदिर, गुरुवेश्वर, खजूर कनी नादिया वाली एवं छोटू कनी स्थित शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में विशेष पूजन रुद्राभिषेक एवं धार्मिक आयोजन हुए। बागीन अंचलों से पहुंची कांवड़ यात्राओं से भी नगर का वातावरण शिवमय बना रहा।

ट्रक चालक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला को कुचला, मौत

सुठालिया के मानकी लौट रहे थे पति-पत्नी

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ

राजगढ़ में सोमवार दोपहर एक ने तेज रफ्तार ट्रक चला रहे ड्राइवर ने बाइक सवार पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की ट्रक की बॉडी में आने से नीचे गिर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया।

दुर्घटना उनगढ़ शहर के बड़े पुल के आगे होमगार्ड कार्यालय के सामने हुई। हादसे के बाद चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया। हालांकि कुछ दूरी पर ही पुलिस ने वाहनचालक ट्रक जब्त कर लिया।

दुर्घटना में मौत हो गई थी पत्नी, बाइक को मारी टक्कर

पुलिस के अनुसार सुठालिया थाना क्षेत्र के ग्राम मानकी निवासी शिवनारायण सोनिया (55) अपनी पत्नी लाडबाई (50) के साथ राजगढ़ के एक गांव में सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर सोमवार दोपहर बाइक से वापस लौट रहे थे। करीब 2 बजे ब्यावरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही लाडबाई सड़क पर गिर गई और ट्रक के पहिए की चपेट में आ गई। मौके पर चालक को पकड़ा, जांच में नशे में मिला सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव व घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मालविया ने बताया कि ट्रक चालक की जांच में उसके नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ नशे में और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना करने का प्रकरण दर्ज किया है।

मलावर में निकाली स्वच्छता जागरूकता यात्रा, स्कूल के सामने कचरा रोकने की मांग

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा।

मलावर में छात्रों ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए यात्रा निकाली। विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित यात्रा का मुख्य उद्देश्य स्कूल के मुख्य गेट के सामने लगातार फेंके जा रहे कचरे की समस्या का स्थायी समाधान कराना था। ईश्वर गुर्जर ने कहा कि स्कूल के सामने कचरा जमा होने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और वातावरण पर असर पड़ रहा है। केवल बार-बार कचरा उठाने से समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि स्कूल के सामने कचरा फेंकने पर पूरी तरह रोक लगाना जरूरी है। इस संबंध में पंचायत को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और संस्कार है। अपने आसपास नीचे की स्वच्छ वातावरण देना सभी की जिम्मेदारी है।

छात्र ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विद्यार्थियों के हित में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा। यात्रा में छात्रा अध्यक्ष अंकित सोनिया, नगर अध्यक्ष सुभाष यादव सहित कार्यकर्ता और विद्यार्थी शामिल रहे।

कुरावर में 26 अगस्त को पर्यावरण और तकनीक पर प्रशिक्षण

डीआर संवाददाता ▪ कुरावर

पर्यावरण संरक्षण और नई तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग को लेकर 26 अगस्त को कुरावर के शासकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसमें 400 से अधिक ग्रामीणों के साथ वैज्ञानिक, विषय विशेषज्ञों, प्रोफेसर और शिक्षक विशेषज्ञ शामिल होंगे।

प्रशिक्षण में बूढ़ी नदी संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन प्रमुख विषय रहेंगे। विशेषज्ञ ग्रामीणों को नरवाई, गोबर और घरेलू कचरे के उचित प्रसंस्करण, वर्मीकंपोस्ट, पुनर्चक्रण और जैविक अपशिष्ट के उपयोग की जानकारी देंगे। कचरे को उपयोगी खाद में और अन्य के साधन में बदलने की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी।

बूढ़ी नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए नदी तक पहुंचने वाले अपशिष्ट की रोकथाम, जलस्रोतों की देखरेख और सामुदायिक संरक्षण की कार्ययोजना पर संवाद होगा। उद्देश्य नदी संरक्षण और स्वच्छता को ग्रामीणों की नियमित गतिविधियों से जोड़ना है।

कार्यक्रम के संयोजक वैज्ञानिक एवं पर्यावरणविद् डॉ. राजकुमार मालवीय हैं। आयोजन मां हिंगलाज सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन भोपाल प्रायोजक तथा कर्मयोगी जनकल्याण केंद्र, शाखा जावर सहयोगी संस्था है।

महर्षि अरविंद के व्यक्तित्व पर चर्चा, छात्रों ने ली नशामुक्ति की शपथ

डीआर संवाददाता ▪ अशोकनगर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गुरुदेव साधान पैरामेडिकल कॉलेज में महर्षि अरविंद घोष की 154वीं जयंती पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और महर्षि अरविंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि दिनेश बिसेन ने महर्षि अरविंद के व्यक्तित्व और उनके आध्यात्मिक जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. दीपक मिश्रा ने उन्हें महानायक बताते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि जिला नशा अधिकारी एसएन उइकेवा ने देशहित योजनाओं की जानकारी देते हुए तंत्र संचालन के लिए खेत-खलिहान बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के नशामुक्ति अभियान के तहत छात्रों और अतिथियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन मृदुल रघुवंशी और अमन दीपक मटेरिया ने व्यक्त किया।

मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल पर पहली मंजिल से गिरा मजदूर, 108 एंबुलेंस नहीं

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ़।

राजगढ़ में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में सोमवार सुबह लगभग करीब 24 वर्षीय मजदूर अनिल मेघवाल पहली मंजिल से नीचे गिर गया। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई। साथी मजदूर और परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने झालावाड़ रेफर कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि गंभीर हालत में उसे जो ब्रदर लेकर जाने के लिए करीब डेढ़ घंटे तक 108 एंबुलेंस का इंतजार किया गया, लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। इसके बाद परिजनों निजी वाहन से उसे झालावाड़ लेकर रवाना हुए।

मध्यप्रदेश (बकानी) निवासी अनिल पिता रामविलास मेघवाल मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल पर काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि हादसे के समय उसने हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं पहने थे। घटना के बाद निर्माण स्थल पर मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बताया गया कि निर्माण स्थल पर पहले भी हादसे हो चुके हैं। पिछले साल गर्मी मंजिल से गिरने से एक मजदूर की मौत हुई थी, जबकि अलग-अलग घटनाओं में तीन अन्य मजदूर घायल हुए थे। ऐसे में सुरक्षा मानकों के पालन और इंजुरेंस व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारी से सवाल उठ रहे हैं।

यात्री बस ने खड़ी बाइक में मारी टक्कर, कावड़िए की मौत

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा।

इंदौर रोड पर न्यू आईटीआई के सामने सोमवार सुबह करीब 4 बजे यात्री बस की टक्कर से तीन कांवड़िए घायल हो गए। हादसे के बाद सभी को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत में रमेश पुत्र घासीराम बंजारा (30) को भोपाल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

बताया गया कि निदिश पिता के लादेरी निवासी 31 श्रद्धालु उज्जैन से जल लेकर पगबढ़ के साथ लादेरी लौट रहे थे। इनमें 30 श्रद्धालु तीन बाइकों से चल रहे थे, जबकि एक डाक कांवड़ लेकर पैदल जा रहा था। सोमवार सुबह आईटीआई के पास सभी कुछ देर के लिए रुके थे। इसी दौरान इंदौर की ओर से आ रही यात्री बस ने खड़ी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में लक्ष्मण बंजारा (23) और विक्रम बंजारा (24) भी घायल हुए। टक्कर के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पेड़ला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टीएल की बैठक: जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लिपिक व भृत्य सस्पेंड, 4 लापरवाह अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

डीआर संवाददाता ▪ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर टीएल (ट्रेड लिमिट) बैठक का आयोजन किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कलेक्टर डॉ. निरंजन सिंघा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सार्थक अटेंडेंस, मुख्यमंत्री जनदिशा अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने पर भृत्य मनोज बोदरे तथा सहायक ग्रेड-3 अमन पुर्वे को निलंबित कर दिया गया।

नहीं नरसिंहगढ़ तहसील के नहिरा पवन विश्वकर्मा द्वारा भी ऑनलाईन उपस्थिति को संबंधित से न लेने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में स्टीर एवं स्टीर ग्रेड प्राप्त करने वाले शिक्षकों के संबंधित अधिकारियों की 01 दिवस का वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। वहीं नॉन-अटेंड शिकायतों पर संबंधित विभागों को नोटिस जारी करने तथा शिकायत अटेंड नहीं करने वाले संबंधित अधिकारी की तीन दिवस की वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन निराकरण में बॉटम पांच में रहने वाले दिनेश औवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, राजेश राजपूत, एसडीओ पीडब्ल्यूडी हर्षित चौधरी, ऊर्जा विभाग के अजीत मुनकर एवं उनेश मिश्रा के विरुद्ध प्रति अधिकारी 3 हजार रुपये की राशि अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में द्वितीय रहा जिला

मुख्यमंत्री जनदिशा अभियान के अंतर्गत राजगढ़ प्रभार कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजगढ़ जिला द्वारा सीएम हेल्पलाइन में तय ऐप प्राप्त किए जाने पर कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को बधाई दी तथा अन्य विभागों को भी इसी प्रकार प्रभावी ढंग से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

सार्थक अटेंडेंस 90 प्रतिशत करने के निर्देश

कलेक्टर डॉ. सिंघा ने जनदिशा पंचायतों में सार्थक अटेंडेंस का प्रतिशत वर्तमान 82 अभियान तक 90 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सार्थक अटेंडेंस दर्ज नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन काटने पर प्रस्ताव बना निलंबनपूर्वक अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर डॉ. सिंघा ने पंच पंचायत कृषि एवं अन्य कार्यालय पशुपालन को निर्देशित किया कि डाइवर पर रहने वाले कर्मचारियों की हाजरी अधिक का वेतन भुगतान की ओर से स्पष्ट निर्देश प्राप्त होने तक आहरित नहीं किया जाए। कलेक्टर डॉ. सिंघा ने सभी सचिवों को कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित कर सार्थक अटेंडेंस एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को समेकित करने के निर्देश दिए।

कांग्रेस का एक्शन: ब्यावरा ब्लाक अध्यक्ष राहुल दांगी पार्टी से निष्कासित

डीआर संवाददाता ▪ ब्यावरा

जिले के नरसिंहगढ़ स्थित राज पैलेस होटल में 22 अगस्त को युवतियों के साथ पकड़े जाने के मामले में ब्यावरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी पर कांग्रेस कार्रवाई की है। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राहुल दांगी को ब्लाक अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया। साथ ही उनकी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी समाप्त कर दी गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महासचिव डा. राजेश अग्रवाल ने 23 अगस्त को पत्र जारी कर यह कार्रवाई की। पत्र में कहा गया कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के संज्ञान में राहुल दांगी के अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने की जानकारी आई है। कांग्रेस ने ऐसे कृत्यों का विरोध करते हुए स्पष्ट किया कि इस तरह की मानसिकता रखने वाले व्यक्ति के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के निर्देश पर कार्रवाई

पत्र के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर राहुल दांगी को तत्काल प्रभाव से ब्यावरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पद से मुक्त किया गया है। इसके से ही के साथ उनकी प्राथमिक सदस्यता भी समाप्त कर दी गई। कार्रवाई के बाद स्थानीय कांग्रेस संगठन में भी इसे लेकर चर्चा तेज हो गई है।

ब्यावरा में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी थी। इसमें राहुल दांगी के साथ राहुल दांगी का फोटो लगाकर पोस्ट में लिखा गया था कि जिस समय राहुल दांगी महाराष्ट्र के पुणे में महिला सुरक्षा पर भाषण दे रहे थे, वहीं कांग्रेस के कथित शेमर शेर महिलाओं के सम्मान को शर्मसार कर रहे थे।